▶p12

NBT

संडे नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली › रविवार, 17 मार्च 2019 › फाल्गुन 26 शक संवत 1940 फाल्गुन शुक्ल एकादशी विक्रम 2075

अब स्टूडेंट्स भी करेंगे वोट देने की अपील

■ विस, नई दिल्ली : आने वाले लोकसभा चुनाव में वोटरों को जागरूक करने के लिए स्कूल भी तैयारी कर रहे हैं। स्टूडेंट्स को कहा जा रहा है कि वे अपने पैरंट्स और घर के पास रहने वाले लोगों को वोटिंग को लेकर प्रेरित करें। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी के चेयरमैन एस. के. गुप्ता ने बताया कि उनके स्कूल में मॉर्निंग असेंबली में स्टूडेंट्स को चुनावों के बारे में बताया जा रहा है, साथ ही उनसे कहा गया है कि वे हर रोज कम से कम दो लोगों को वोटिंग के अधिकार के बारे में बताएं ताकि लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी हो। एमएन पब्लिक स्कूल पीतमपुरा ने भी बोर्ड एग्जाम के बाद जागरूकता अभियान चलाने का फैसला लिया है। स्कूल की प्रिंसिपल रत्ना पाठक का कहना है कि स्कूल के आसपास स्टूडेंट्स रैली निकालकर लोगों से वोट की अपील करेंगे। पैरंट्स से भी वोट करने की अपील की जाएगी।